**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–09.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे अपने वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और सफलता के मंत्र साझा करेंगे। यह कार्यक्रम स्कूली छात्रों के बीच काफ़ी लोकप्रिय है। खासकर, परीक्षार्थियों के लिए यह जोश और ऊर्जा भरने वाला साबित हो रहा है। स्कूली छात्रों को इस कार्यक्रम का वर्ष भर इंतजार रहता है। राज्यभर में इस कार्यक्रम को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। अधिक से अधिक विद्यार्थी इस कार्यक्रम से लाभ ले सकें। इसके लिए विभिन्न जिलों में व्यापक स्तर पर तैयारी की गयी है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना के प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद दिव्येंदु तिग्गा ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। यह भी निर्देश दिया गया है कि स्कूलों में आईसीटी, स्मार्ट क्लास या अन्य माध्यमों से ऑनलाइन संबोधन सुनने की व्यवस्था सभी स्कूल करे।

*****************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उम्मीद जतायी है कि वे आनेवाले सप्ताह में लोकसभा में नया आयकर विधेयक पेश कर सकती हैं। नये आयकर विधेयक को केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी जा चुकी है।

*****************

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेले मे दूसरे दिन आज महिला कृषक गोष्ठी का आयोजन होगा। इस मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी उपस्थित रहेंगी। इस दौरान पशु पक्षी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

*****************

गिरिडीह समेत राज्य के 14 जिलों में 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी विशेष अभियान चलेगा और लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन की दवा खिलाई जाएगी। गिरिडीह के सिविल सर्जन डॉ एस पी मिश्रा ने बताया कि बगोदर, जमुआ, पीरटाँड और देवरी प्रखंड को छोड़कर शेष सभी 9 प्रखंडों में यह अभियान चलेगा। अभियान के पहले दिन 10 फरवरी को सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र पर फाइलेरिया उन्मूलन की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक भारत सरकार ने फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है।

*****************

कुंभ स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को रांची से प्रयागराज के लिए सीधी विमान सेवा मिलेगी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया है कि इंडिगो 17 से 28 फरवरी तक सप्ताह में तीन दिन प्रयागराज के लिए उड़ान भरेगी, जिसकी अनुमति डीजीसीए ने दे दी है। विमान सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगा।

*****************

अपराध पर अंकुश और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए बोकारो पुलिस युद्ध स्तर पर काम कर रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

*****************

रांची में आज कोल इंडिया मैराथन का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर के धावकों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ चार श्रेणियों में आयोजित हुई शीर्ष दस विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानि किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपियन एमसी मैरीकॉम ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हमें इस बात की बेहद खुशी होनी चाहिए कि हमारे प्रधानमंत्री भी ऐसे क्रिया कलापों मे गहरी दिलचस्पी रखते हैं और इसे प्रोमोट करने की भरसक कोशिश भी करते हैं।

*****************

राज्य में ठंड में कमी और वृद्धि का सिलसिला जारी है। पिछले चार दिनों के दौरान ठंड ने जहां अपना सितम दिखाया, वहीं अब फिर से पारा ऊपर की ओर चढ़ने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि तापमान में अगले तीन दिनों के दौरान धीरे–धीरे 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। उसके बाद के दिनों भी तापमान तेजी से बढ़ेगा।

********